डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई थी, लेकिन भाजपा सरकार ने प्रशासन में जवाबदेही और पारदर्शिता लाकर इस स्थिति को सुधारा है। सेवा पखवाड़े के रूप में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए गए शिविरों में भूमि विवाद, नामांतरण, प्रमाण पत्र, पेंशन और जन आधार से जुड़ी समस्याओं का तुरंत निपटारा किया गया। इसके साथ ही सहकारी सदस्यता अभियान के माध्यम से सहकारिता क्षेत्र में आम नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा मिला है, जो पहले कुछ गुटों के नियंत्रण में था।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि भाजपा सरकार ने 20 महीनों में जो काम किए हैं, वे कांग्रेस सरकार पूरे 5 वर्षों में नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों, महिलाओं, युवाओं और आम नागरिकों के हित में अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। उन्होंने बताया कि कृषि, सिंचाई, ऊर्जा, सड़कों, आवास और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भाजपा सरकार की उपलब्धियाँ कहीं अधिक हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को समर्पित रहते हुए खेतों की तारबंदी, फार्म पॉन्ड निर्माण, पाइपलाइन वितरण और बीज मिनी किट के माध्यम से उन्हें राहत दी है। सहकारी बैंकों के माध्यम से रिकार्ड ऋण वितरण किया गया है। डॉ. बैरवा ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार ने बिजली उत्पादन, नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं और सड़क निर्माण के क्षेत्र में भी कांग्रेस से कहीं अधिक कार्य किया है। विद्यार्थियों को टैबलेट और लैपटॉप वितरण की योजना के माध्यम से शिक्षा में डिजिटल क्रांति लाई गई है। सरकार की कोशिश रही है कि बजट घोषणाएं केवल कागज़ों तक सीमित न रहें, बल्कि हर योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंद तक पहुंचे।

भाजपा विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा कि भाजपा सरकार ने 12 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की हैं जो लाखों लोगों को राहत देंगी। किसानों को दिन में बिजली देने की व्यवस्था की, पीएम कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा के माध्यम से विद्युत उत्पादन को बढ़ावा दिया और बड़ी संख्या में कृषि कनेक्शन जारी किए। वृक्षारोपण के क्षेत्र में करोड़ों पौधे लगाकर कीर्तिमान रचा।

धनखड़ ने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजनाओं में कांग्रेस सरकार के समय भारी गड़बड़ियां थीं, लेकिन भाजपा सरकार ने 32 लाख अपात्र नाम हटाकर 59 लाख नए पात्र लाभार्थियों को जोड़ा है, जिससे योजनाओं का लाभ वास्तव में ज़रूरतमंदों को मिला है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सरकार ने साइकिल वितरण, प्रशिक्षण कार्यक्रम, लखपति दीदी योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, पीएम मातृ वंदना योजना जैसे अनेक कदम उठाए हैं, जिनसे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सफलता मिली है। उन्होंने यह भी बताया कि युवाओं के लिए नए शिक्षण संस्थानों की स्थापना, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके साथ ही सरकार ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों के त्वरित निस्तारण और 21 नवीन नीतियों के माध्यम से निवेश को प्रोत्साहन देने जैसे कार्य किए हैं।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण को नई उडान

## हर क्षेत्र में महिलाओं को मिल रहे समान अवसर, योजनाओं से बन रही आत्मनिर्भर

- शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और उद्यिमता के क्षेत्र में उठाए गए अभूतपूर्व कदम

**जयपुर ।** राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में सरकार द्वारा लगातार प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिणक और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री का मानना है कि "आधी आबादी" की भागीदारी के बिना विकसित राजस्थान की कल्पना अधूरी है, इसी सोच के साथ सरकार ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक पहल की हैं। महिलाएं खेती से लेकर उद्योग और आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों तक में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, मातृत्व पोषण योजना, नि:शुल्क सैनिटरी नेपकिन वितरण, गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी कूपन जैसे कदमों से महिलाओं को सीधा लाभ मिला है।

राज्य सरकार ने बालिकाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए गार्गी पुरस्कार, कालीबाई स्कूटी योजना, देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना जैसी योजनाएं चलाई हैं, जिनके अंतर्गत अब तक 39 हजार से अधिक स्कूटियां वितरित की गई हैं। सरकारी महाविद्यालयों में छात्राओं के लिए 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किया गया है।

महिला सुरक्षा के लिए 181 हेल्पलाइन, 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट और महिला सलाह केंद्र जैसे ठोस प्रयास किए गए हैं।

महिला उद्यिमता को बढ़ावा देने के लिए महिला निधि के तहत 31,053 स्वयं सहायता समूहों को ऋण दिया गया।

'लखपति दीदी' योजना में 18.25 लाख महिलाओं को प्रशिक्षण मिला, जिनमें से 11 लाख से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। ड्रोन प्रशिक्षण, अमृता हाट, वन धन विकास केंद्र जैसे नवाचारों से ग्रामीण व जनजातीय क्षेत्रों की महिलाएं भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ रही हैं।

# जर्जर स्कूल भवनों और छात्रसंघ चुनाव पर सुनवाई टली

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश के जर्जर स्कूल भवनों और राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए दायर याचिका पर 15 अक्टूबर तक सुनवाई टाल दी।जस्टिस महेन्द्र गोयल और जस्टिस अशोक कुमार जैन की अदालत में महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद की ओर से कहा गया कि उनकी ओर से जर्जर स्कूल भवनों के संबंध में मांगी गई जानकारी तैयार की जा चुकी है, लेकिन प्रमुख शिक्षा सचिव बीते तीन दिन से मौजूद नहीं हैं। ऐसे में मामले की सुनवाई टाली जाए। वहीं एएसजी भरत व्यास की ओर से कहा गया कि उनकी ओर से एएसजी पद का कार्यभार हाल ही में ग्रहण किया गया है। दोनों को सुनकर अदालत ने स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई टाल दी। इसी तरह जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ में राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव कराने को लेकर दायर याचिका में अधिवक्ता अभिनव शर्मा की ओर से सुप्रीम कोर्ट के प्रकरणों का हवाला देते हुए छात्रसंघ चुनाव कराने की गुहार की गई।

# 4 साल की पीडिता के बयान पर हुई अभियुक्त को सजा

**जयपुर ।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम 1 महानगर प्रथम ने चार साल की पीडिता के बयान के आधार पर पॉक्सो प्रकरण के अपराधी रोहित मलाह को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने 22 वर्षीय इस अभियुक्त पर बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी मीना अवस्थी ने अपने आदेश में कहा कि प्रकरण में पीड़ित बालिका की साक्ष्य पूर्णत: विश्वास करने योग्य है।

पीडिता न केवल अपने बयानों पर कायम रही, बल्कि प्रति परीक्षा में भी उसके बयानों में विरोधाभास नहीं रहा। प्रकरण में साढे तीन साल की पीडिता ने ऐसी पीड़ा को झेला, जिसका वर्णन करना भी मुश्किल है। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह राजावत ने बताया कि घटना को लेकर पीडिता की बुआ ने 24 मई, 2024 को जवाहर नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

रिपोर्ट में कहा गया कि तीन दिन पहले रात के समय वह अपने पति के साथ नीचे वाले कमरे में सो रही थी और पीडिता व उसकी बेटी छत पर सो रही थी। छत पर बने पोर्शन में अभियुक्त अपने परिवार के साथ किराए पर रहता था।

रात करीब साढ़े 11 बजे पीड़िता के रोने की आवाज आई। जब पीड़िता को संभाला को उसने पेट दर्द होने की बात कही। अगले दिन भी पीडिता ने अपनी दादी को दर्द की शिकायत कर डॉक्टर को दिखाने की बात कही, लेकिन उसकी मां ने ध्यान नहीं दिया। बीती रात करीब एक बजे बच्ची ने रोते हुए फिर से दर्द होने की शिकायत की।

इस पर ध्यान से देखा तो उसके प्राइवेट पार्ट पर सूजन आ रखी थी। पूछने पर पीडिता ने बताया कि अभियुक्त ने वहां अपनी अंगुली डाली थी।

रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान पीडिता ने अदालत के सामने घटना को दोहराया।

वहीं बचाव पक्ष की ओर से कहा गया कि उसका परिवार पीड़िता की बुआ के घर रहता है और वह मकान खाली कराने के लिए उसे झूठा फंसा रही है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।




## संक्षिप्त

### 'स्वास्थ्य पर चर्चा' कार्यक्रम हुआ

**निवाई।** मूक बधिर विद्यालय में सीके बिरला हॉस्पिटल व लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जयपुर के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शुभनव जैन ने बताया कि हम कैसे अपनी आँखों का बचाव कर सकते है। बच्चों को आज कल मोबाईल फोन से होने वाली आँखों की समस्या कितनी खतरनाक हो सकती है, इससे कैसे बचा जाए और आँखों की समस्या को नजर अंदाज नहीं करने सहित कई बिन्दुओं पर चर्चा की। फिजियोथेरिपीस्ट डॉ. आशीष अग्रवाल ने दिनचर्या को संतुलित करके रोगों से बचने के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में रोबोट तकनीक से इलाज करवाना आसान और सहज हो गया है। कार्यक्रम का संचालन मैनेजर मनीष शर्मा ने किया। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष अशोककुमार जैन, जॉन चैयरमैन हुकमचन्द जैन, एमजीएफ दिनेश चंवरिया, विद्यालय सचिव सीताराम स्वामी व महेन्द्र जैन ने भी विचार व्यक्त किए।

### ट्रांसफार्मर हटाने की मांग

**शाहपुरा ।** कस्बे के नजदीक खातोलाई ट्रांसफार्मर हादसे में दो दर्जन लोगों की मौत के बावजूद बिजली विभाग अब भी लापरवाही बरतने में कोई झिझक नही दिखा रहा है। नगरपरिषद क्षैत्र के रजनीश अस्पताल के सामने हाइवे पर मिश्रा कॉलोनी में एक हाइटेंशन लाइन के साथ आबादी व सड़क बीच ट्रांसफार्मर रखा हुआ है जो कभी भी फाल्ट या कोई भी लाइट संबंधित लापरवाही होने पर कभी भी ट्रांसफार्मर फटने की आंशका है। रोज बिजली लाइन पर लोड़ पड़ने से स्पार्किंग होती जिससे लाइट के पंतगे ऊपर से गिरते देखे जाते है। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी व पार्षद घनश्याम सैनी ने बिजली विभाग से जनहित को देखते हुए तुरंत ट्रांसफार्मर को हटाकर विद्युत लाइन को जमीन के अंदर से अंडरग्राउंड करने की मांग की है। इस मौके पर कॉलोनी वासियों ने बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रर्दशन कर आक्रोश जताया।

### आरोपी गिरफ्तार

**पावटा।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रागपुरा थाना अधिकारी कश्मीर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक देवेंद्र बिश्नोई के संपूर्ण जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के आदेशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली वैभव शर्मा के सुपरविजन एवं वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के निर्देशन में अवैध साधा देशी मदिरा के 48 पव्वे जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राजेंद्र कुमार मीणा पुत्र मातादीन उम्र 37 साल निवासी मीणा मोहल्ला बुचारा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से साधा देशी मदिरा के 48 पव्वे जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ईंटों से भरी एक ट्राली पलटी

**निवाई।** शिवाजी कॉलोनी के मुख्य सडक़ मार्ग के निर्माण के लिए खुदाई हो जाने के चलते ईंटों से भरी एक ट्राली पलट गई। जानकारी के अनुसार इन दिनों शिवाजी कॉलोनी के मुख्य सडक़ मार्ग का निर्माण कार्य करवाए जाने के लिए पुराने रोड की खुदाई का कार्य चल रहा है। कॉलोनी की गली नंबर 4 से 9 तक का खुदाई कार्य हो चुका है। खुदाई के दौरान फैले हुए कंक्रीट के पत्थरों की वजह से गुरुवार की दोपहर ईंटें भरकर जा रही एक ट्रैक्टर की ट्रॉली असंतुलित होकर ओम किराणा स्टोर के बाहर बने हुए चबूतरे पर पलट गई और ईंटों का चबूतरे पर ढेर लग गया। ट्रॉली में भरी हुई ईंटों पर एक महिला व पुरुष भी बैठा हुआ था। वे दोनों भी ईंटों के साथ चबूतरे पर जा गिरे। हालांकि इसमें किसी के चोट नहीं आई है।

### 3 घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**निवाई।** दीपावली के त्यौहार को लेकर विद्युत लाइनों के रखरखाव के चलते शुक्रवार को ढाई घंटे बिजली बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता शहर लक्की गोठवाल ने बताया कि शुक्रवार को लाइनों के रखरखाव कार्य के चलते सुबह 7:30 बजे से 10:30 बजे तक एसडीम ऑफिस के आसपास, झिलाय रोड, ढाणी जुगलपुरा, बड़ की ढाणी, ट्रक यूनियन के आसपास, जगदंबा कॉलोनी, गिर्राज विहार, इंदिरा कॉलोनी, दीनदयाल कॉलोनी, सुभाष कॉलोनी व कृषि मंडी के आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# सेवा ही धर्म की भावना को चरितार्थ करने में स्काउट गाइड की भूमिका : वन राज्यमंत्री

- स्काउट गाइड के लिए मंच बनवाने के लिए विधायक निधि कोष से 10 लाख रूपये देने की कि घोषणा
- शिविर के दौरान पर्यावरण संरक्षण के विषय पर की गई टेऊकिंग के अनुभवों के बारे में अवगत कराया



राज्यमंत्री संजय शर्मा नेशिविर में सहयोग करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

**अलवर ।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज नजर बगीची में आयोजित राष्ट्र स्तरीय पर्यावरण जागरूकता एवं ट्रेकिंग शिविर के समापन समारोह में शिरकत कर आमजन से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधारोपण कर करने की अपील की। उन्होंने शिविर में सहयोग करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सेवा ही धर्म की भावना को बढाने के उद्देश्य से स्थापित भारत स्काउट गाइड बच्चों के चरित्र निर्माण व देश भक्ति की भावना विकसित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में आपदा की स्थिति में स्काउट गाइड के स्वयंसेवक अपने नारे 'सदैव तत्पर-तैयार रहो' को चरितार्थ करते हुए आपदा प्रबंधन में आगे बढकर महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण विश्व जलवायु परिवर्तन की समस्या से जूझ रहे है, जिसके दृष्टिगत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड मां के नाम' अभियान शुरू किया है, जो जन-जन का अभियान बनकर उभरा है।

भारत स्काउट गाइड के निदेशक राजकुमार कौशिक ने भारत स्काउट गाइड के गठन, इसकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से अवगत कराया। ट्रेकिंग शिविर प्रभारी भारत स्काउट गाइड के उप निदेशक अनलेन्द्र शर्मा ने शिविर के दौरान पर्यावरण संरक्षण के विषय पर की गई टेऊकिंग के अनुभवों के बारे में अवगत कराया। कर्नाटक से आए रोवर सुभाष ने अलवर जिले में ट्रेकिंग शिविर व आउटिंग के अनुभव शेयर करते हुए बताया कि अलवर जिला प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के स्थलों से समृद्ध है। यहां की साझा संस्कृति अपनापन लिए हुए हैं। भारत स्काउट गाइड की जिला सचिव विजय लक्ष्मी वर्मा ने आगन्तुकों का आभार जताया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त प्रमोद कुमार शर्मा ने मंच संचालन किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, डीएफओ राजेन्द्र हुड्डा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रियंका रघुवंशी, भारत स्काउट गाइड के प्रधान एवं समाजसेवी कृष्ण गुप्ता, भारत स्काउट गाइड की जिला सचिव विजय लक्ष्मी वर्मा, सीईओ स्काउट गाइड राजेन्द्र मीणा, नीता शर्मा, जितेन्द्र राठौड, प्रमोद शर्मा, लोचन यादव सहित संबंधित प्रबुद्ध व्यक्ति, भारत स्काउट गाइड के प्रतिभागी एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों को कराया अन्नपूर्णा भोजन

**भरतपुर।** लायंस क्लब भरतपुर कोहिनूर की ओर से आयोजित 'सेवाकुंर सप्ताह' के तहत गुरुवार को अन्नपूर्णा भोजन वितरण प्रसादी के तहत जरूरतमंदों के लिए भोजन कराया गया क्लब अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ.अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि अन्नपूर्णा रसोई घर में जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। व्यक्तियों के दुख दर्द को भी साझा किया। डॉ.गुप्ता ने बताया कि भूखे एवं जरूरतमंदों को भोजन कराना अद्वितीय कार्य ही नहीं अपितु मानव सेवा का परम धर्म है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को भोजन कराना प्रभु प्रसाद को पाना है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सेवा सप्ताह का अंतिम दिवस है।इस दिन विशेष सक्षम व्यक्तियों की सेवा-सहायता की जायेगी। 160 जरूरतमंदों को आरबीएम हॉस्पिटल स्थित अन्नपूर्णा रसोई में भोजन कराया गया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को भोजन कराना आत्मिक सुख मिलता है।

# सेवा पर्व पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर में लाभार्थियों को मिली राहत

- पंचायत द्वारा कार्यवाही करते हुए दिशा-निर्देशों के अनुरूप शर्मा को उनके पुराने आवास का पट्टा जारी किया



लाभार्थियों को पट्टे वितरित करते अधिकारी।

**कोटपूतली।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्रामीण सेवा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। गुरुवार को शिविर के दौरान ग्राम बीलवाड़ी निवासी गौरव शर्मा पुत्र प्रकाश चंद शर्मा द्वारा अपने पैतृक आवासीय गृह का पट्टा जारी करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। ग्राम पंचायत द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए राजकीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप शर्मा को उनके पुराने आवास का पट्टा जारी किया गया। उन्होंने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार बिदामी देवी पत्नी गिरधारी लाल गुर्जर, निवासी लुहाकना रोड, डेहरा, विराटनगर जो सामाजिक व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से हैं एवं चलने-फिरने में शारीरिक असुविधा का सामना कर रही थीं, को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा वैसाखी (स्ट्रिक) प्रदान की गई। उन्होंने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे उन्हें चलने फिरने में बहुत आसानी होगी, जिससे दैनिक दिनचर्या के काम सुगमता के साथ कर पाएंगी।

### कार्यकारिणी ने ली शपथ

**अलवर।** राजस्थान श्रमजीवी पत्रकार संघ की खैरथल-तिजारा इकाई की नवीन कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह सुंदरम गार्डन में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी, वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर किशोर कुमार, पुलिस अधीक्षक मनीष चौधरी, अलवर संभाग प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा, तहसीलदार अभिषेक यादव और सीएमएचओ डॉ. अरविंद गेट समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में मंचासीन अतिथियों का पत्रकारों ने माल्यार्पण और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन आकर्षक अंदाज में राजकुमार दादवानी ने किया। पूरे आयोजन में सौहार्द, प्रेरणा और पत्रकारिता के प्रति नई ऊर्जा का वातावरण छाया रहा। अलवर प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा ने संगठन की संरचना, उद्देश्य और कार्य योजना की जानकारी दी।

# विराटनगर में छात्र-छात्राओं को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

- राष्ट्रीय साइबर जागरूकता माह के तहत दिया साइबर सुरक्षा का संदेश



राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह कार्यक्रम आयोजित किया ।

**पावटा।** भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र 14सी नई दिल्ली के निर्देशानुसार माह अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सुरक्षा उपायों के प्रचार प्रसार एवं आमजन का साइबर अपराधों से बचाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करने हेतु महानिदेशक पुलिस एससीआरबी एवं साइबर क्राइम राजस्थान जयपुर के आदेश की पालना में अक्टूबर 2025 माह को वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह कार्यक्रम आयोजित करने हेतु जिला कोटपूतली बहरोड़ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र बिश्नोई के नेतृत्व, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के निर्देशन, वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन, विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल द्वारा विराट नगर थाना क्षेत्र के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विराटनगर में राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक शाखा विराटनगर, बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा विराटनगर, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा विराटनगर के बैंक प्रबंधको से समन्वय स्थापित कर राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत द्वारा इस अभियान में छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए व छात्रों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने छात्रों को वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों और उनसे सतर्क रहने के उपायों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान बैंक प्रबंधक ओमप्रकाश मीणा, विष्णु वर्मा, हेमंत कुमार मीणा सहित वक्ताओं ने बैंक खाता संबंधित साइबर फ्रॉड,सीजनल फ्रॉड (त्योहारों के समय लुभावने ऑफर्स के नाम पर ठगी), फर्जी लोन एप्लिकेशन, टेलीग्राम फ्रॉड, म्यूल अकाउंट, ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड एवं साइबर बुलिंग के मामलों व उनसे बचाव की विस्तार से जानकारी दी। छात्रों को बताया गया कि साइबर अपराध किस प्रकार घटित होते हैं और उनसे सुरक्षित रहने के लिए क्या सावधानियां आवश्यक हैं।

### कौशलों के विकास के लिए ब्लॉक स्तरीय प्रबल कार्यक्रम आयोजित

- प्रबल कार्यक्रम से सरकारी विद्यालयों से निकलेंगे भावी राजनेता एवं प्रशासनिक अधिकारी - दिलीप इसरानी
- सृजनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ बालक बालिका का चयनकर जिले स्तर पर भेजा जाएगा

**निवाई।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय 21वीं सदी के कौशलों के विकास के लिए प्रबल कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगरपालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी, भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन जैन छाबड़ा, पार्षद परसराम कुमावत, संजय वर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉकशिक्षाधिकारी रमेशचंद विजय एवं प्रधानाचार्य गिरिराजप्रसाद गुर्जर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया। पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से भावी अधिकारी एवं राजनीतिक नींव मजबूत होती है। इसप्रतियोगिता के माध्यम से चयनित विद्यार्थी राजस्थान की विधानसभा में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे। प्रधानाचार्य गिर्राजप्रसाद गुर्जर ने बताया कि पालिकाध्यक्ष इसरानी ने विद्यालय में इंटरलॉकिंग टाइल्स, पानी निकासी के लिए नाला निर्माण, प्रार्थना स्थल हेतु प्लेटफॉर्म एवं टीन शेड निर्माण की घोषणा की।

संयोजक व प्रधानाचार्य गुर्जर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में 21वीं सदी के कौशल विकास गतिविधियों के अंतर्गत 14 बिंदुओं पर बालक बालिकाओं ने प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ स्वाति जनकावत ने बताया कि पोस्टर, लेखन भाषण एवं सृजनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ बालक बालिका का चयनकर जिले स्तर पर भेजा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बालकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ विनोद तिवाडी, सुमन शर्मा, बीरबल मीणा, कुसुम कौशिक, सुरेशचंद गुर्जर, सांवरमल शर्मा व रामधन गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधि व शिक्षक मौजूद थे।

# जिला कलक्टर ने किया चौगाई ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण

- कलक्टर कल्पना अग्रवाल नेकार्मिकों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सेवा की भावना से कार्य करते हुए आमजन को त्वरित राहत पहुंचाने के निर्देश दिए



कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने लाभार्थीयों को प्रथम किस्त के रूप में पांच-पांच हजार रूपयों की सहायता राशि के चेक प्रदान किये।

**टोंक।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने गुरुवार को उपखंड पीपलू के ग्राम चौगाई में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया तथा कार्मिकों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सेवा की भावना से कार्य करते हुए आमजन को त्वरित राहत पहुंचाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा की विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी आमजन को सभी योजनाओं से पात्रतानुसार लाभान्वित करें। उन्होंने आमजन से जागरूक होकर शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओ का समाधान करवाने एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने की अपील की।

जिला कलेक्टर ने कैंप में आवासीय पट्टे,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा की पॉलिसियां लाभार्थियों को सौंपी। साथ ही अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया। उन्होंने विभागीय स्टॉलवार निरीक्षण कर दी जा रही सुविधा के बारे में जानकारी ली और लाभार्थियों से संवाद भी किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी गणराज बडगोती सहित जनप्रतिनिधि एवं ब्लाक अधिकारी उपस्थित रहे।

इसी प्रकार नगर परिषद टोंक द्वारा शहरी क्षेत्र में शिविर का आयोजन विवेकानन्द ठाकरिया व हजारी लाल भील के नेतृत्व में किया गया।

शिविर के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 15 लाभार्थीयों को प्रथम किस्त के रूप में पचास-पचास हजार रूपयों की सहायता राशि के चेक प्रदान किये। महिला एंव बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के 02 लाभार्थीयों को प्रथम किस्त के रूप में पांच-पांच हजार रूपयों की सहायता राशि के चेक प्रदान किये।

शिविर के दौरान कृषि भूमि नियमन के नवीन आवेदन 29, स्टेट ग्रान्ट एक्ट के नवीन आवेदन 03 एवं नाम हस्तान्तरण के नवीन आवेदन 1 तथा प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत 01 आवेदन प्राप्त हुये और बैंक द्वारा अब तक 13 प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत आवेदको को ऋण स्वीकृत किया गया।

### कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान आयोजित

**मनोहरपुर ।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को एक प्रभावशाली बैठक हुई। कार्यक्रम में कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक, पंजाब सरकार के पूर्व मंत्री व सांसद विजय इंदर सिंगला मुख्य अतिथि रहे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संगठन लोकतांत्रिक परंपराओं पर टिका है, और अब हर कार्यकर्ता को नेतृत्व तय करने का अधिकार मिल रहा है।

कुंवर दिगराज सिंह शाहपुरा ने जोशीले अंदाज़ में कहा संगठन जनता की ताकत से बनता है, न कि किसी कुर्सी से। अब वक्त है कि मेहनतकश और जमीनी कार्यकर्ता को सम्मान मिले। कांग्रेस तभी मज़बूत होगी जब निर्णय पारदर्शी और जनभावनाओं के अनुरूप होंगे। वहीं विधायक मनीष यादव ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है और संगठन सृजन अभियान आम कार्यकर्ता की आवाज़ को ताकत दे रहा है पूर्व विधायक गोपाल मीणा ने कहा कि यह अभियान कांग्रेस में पारदर्शिता और जनभागीदारी का उदाहरण है।

## सार-समाचार

### अवैध बजरी खनन में तीन गिरफ्तार



**बौंली- बामनवास।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीलकमल मीणा क्षेत्रीय बौंली, बामनवास के सुपरविजन में चलाए जा रहे अवैध बजरी खनन व परिवहन के मामले में तीन आरोपियों गिरफ्तार कर एक ट्रैक्टर ट्राली को जप्त किया गया है। बौंली पुलिस थाने के हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि हैड कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने दोराने गस्त सूचना पर मॉडल स्कूल बौंली की तरफ से एक अवैध बजरी खनन व परिवहन कर ट्रैक्टर ट्रॉली जा रही थी, सूचना पाकर अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर चालक विजय सिंह गुर्जर उम्र 21 वर्ष निवासी गुडला नदी व ट्रैक्टर मालिक प्यार सिंह गुर्जर उम्र 60 वर्ष निवासी गुडला नदी को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर ट्राली को जप्त किया गया है, एवं एक अन्य मामले में 28 अगस्त को अवैध बजरी खनन व परिवहन करते एक ट्रक को जप्त किया गया था, जिसका मालिक पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है एवं चालक हेमराज मीणा उम्र 35 वर्ष निवासी बांसड़ा नदी मौके से फरार हो गया था, उसे भी आज गिरफ्तार किया गया है।

### मिलावट खोरो की दुकानो की जांच

**अलवर।** अलवर जिले में त्योहारी सीजन में मिलावट का बाजार गर्म है मिलावटी खाद्य पदार्थों को पकडऩे के लिए खाद्य निरीक्षक लगातार दुकानों से सैंपल लेने में लगे है लेकिन अलवर जिले की 6 विधानसभा में हजारों खाद्य पदार्थ की दुकानो पर जिले में तैनात मात्र चार खाद्य निरीक्षक कैसे करे दुकानों की चेकिंग इसलिए मिलावट का दौर तो जारी रहेगा इधर अलवर सीएमएचओ डॉक्टर योगेन्द्र शर्मा का कहना है कि इस मुहिम में जनता को भी जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे मिलावटखोरों से सर्तक रहे। दीपावली के अवसर पर मिलावटखोर दुकान अपनी दुकान में पड़े पुराने से पुराना समान ही नही घटिया खाद्य सामग्री का विक्रय करने में लगे रहते है। दीपावली के अवसर पर लाखों क्विंटल मावे की खपत रहती है वही पनीर भी भारी मात्रा में विक्रय होता है ऐसे में सभी को पता है कि अलवर जिले में इतनी मवेशी गाय और भैंस भी नही है जितना दूध इन दिनों मिठाइयों की दुकानों पर खपत हो रहा है ऐसे में साफ है कि दूध भारी मात्रा में मिलावटी या यू कहे सिंथेटिक दूध का प्रयोग हो रहा है जो आम जनता के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसी प्रकार मसालो आदि में भी भारी मिलावट की जा रही है जिस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तरह निगरानी किए हुए है। अलवर जिले में छह विधान सभा आती है जिसमे हजारो की संख्या में खाद्य विक्रेता है इनमे मिठाई,दूध और पनीर की दस से बीस हजार के करीब दुकान होगी इससे ज्यादा भी हो तो इंकार नही किया जा सकता क्योंकि ज्यादा तर मिठाई की दुकान और गोदाम पंजीकृत नही है।

### प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**शाहपुरा ।** पशुपालन विभाग द्वारा राजकीय ट्रोमा व बहुउद्देश्यीय पशु चिकित्सालय व ब्लाँक के अंतर्गत अधीनस्थ कार्मिकों को कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण शिविर का श्री परमानंद धाम गौशाला खोरी में उपनिदेशक डॉं.प्रहलाद सहाय रैगर व उपनिदेशक डॉं.सुनिल शर्मा, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉं.बनवारी यादव की मौजूदगी में शुरू हुआ। शाहपुरा वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉं.बनवारी यादव ने बताया कि ब्लाँक के महिला पशुधन निरीक्षकों समेत अन्य कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। कर्मचारियों को कृत्रिम गर्भाधान के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई, जो शनिवार तक लगातार जारी रहेगा। इस दौरान प्रशिक्षण के दौरान मीना दादरवाल, सुरजभान, गुलाब यादव, हेमलता यादव, मीना जाट, सीमा पलसानिया, ज्योति कपूरिया, सावित्री जाट, संजय कुमार शर्मा, किरण पलसानियाँ समेत अनेक कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

### 13 सिलेंडर सीज किये

**कोटपूतली।** घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग के मामलों पर नियंत्रण के लिए जिला रसद अधिकारी शशिशेखर शर्मा के निर्देशन में प्रवर्तन अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह एवं प्रवर्तन निरीक्षक विश्राम गुर्जर द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। इस दौरान बहरोड़ शहर में विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 13 घरेलू एलपीजी सिलेंडर सीज किए गए, जिन्हें बहरोड़ इंडेन गैस सर्विस की सुपुर्दगी में दिया गया है। यह प्रकरण आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 6(ए) के अंतर्गत आगे की कार्रवाई हेतु जिला कलक्टर को प्रस्तुत किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान पंडित के प्रसिद्ध समोसे से 3 सिलेंडर, सैनी भोजनालय से 2 सिलेंडर, हरियाणा स्पेशल जलेबी से 3 सिलेंडर, भगवान समोसा से 1 सिलेंडर, देसी जायका होटल से 2 सिलेंडर तथा खुशबू मिष्ठान भंडार से 2 सिलेंडर जब्त किए गए।

### कम्प्यूटर टंकण परीक्षा 15 को

**कोटपूतली।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष, परीक्षा आयोजन समिति ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि जिला स्तर पर मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रितों की नियुक्ति पश्चात ली जाने वाली कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा (माह सितम्बर, 2025) हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की परीक्षा 15 अक्टूबर 2025 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 12रू30 बजे तक तीन पारियों में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बड़ाबास, कोटपूतली में आयोजित की जावेगी। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र (।कउपज ब्तक) एवं सूची जिला कार्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करवा दी गई है। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र जिला कार्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड कर अपने कार्यालयाध्यक्ष से फोटो प्रमाणित करवाकर निर्धारित तिथि एवं निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्र पर अपने प्रवेश पत्र एवं मूल फोटो पहचान पत्र के साथ उपस्थित होवें। पहचान पत्र के अभाव में एवं निर्धारित समय पश्चात अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

### विकसित भारत युवा संसद 2026 कार्यक्रम का आयोजन

**टोंक।** राजकीय महाविद्यालय टोंक में भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मन्त्रालय द्वारा आयोजित "विकसित भारत युवा संसद 2026" कार्यक्रम का आयोजन 13 अक्टुबर से 13 नवम्बर तक किया जायेगा। इस दौरान प्राचार्य लोकेश कुमार शर्मा ने बताया कि युवा संसद राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर विचार विमर्श में शामिल होने और विकसित भारत-2047 के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए युवाओं के लिए एक राष्ट्रीय मंच है, जहॉ पर छात्र-छात्रायें महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार विमर्श करने में सक्षम होते है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर यह कार्यक्रम "मेरा युवा भारत पोर्टल" के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है। जिसमें जिले के समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय के विद्यार्थी सहित टोंक जिले में निवास कर रहे समस्त युवक एवं युवतियॉ सम्मिलित हो सकेंगे। कार्यक्रम में युवक एवं युवतियॉ माई भारत पोर्टल पर ॠउलईींतंजण्हवअण्पद पर "विकसित भारत युवा संसद 2026 के इवेंट पेज पर पंजीयन करवा सकते है।

### सोशल मिडिया पर अश्लील कमेन्टस का आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्र सिंह भाटी के निर्देशन में पुलिस उप अधीक्षक उनियारा एवं थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा पिड़िता द्वारा दर्ज कराये गये प्रकरण की कार्यवाही में एक आरोपीं को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में पीडिता ने बताया कि आरोपी पीडिता की फोटो व विड़ियों को एडिट करके अश्लील शब्द लिख कर विभिन्न सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर डालता है, जिस पर स्वंय भी अश्लील कमेन्ट करता है। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए थानाधिकारी उनियारा ने आरोपी राजाराम बैरवा पुत्र रतन लाल उम्र 35 साल निवासी बामनगांव थाना नैनवा जिला बूंदी को गिरफ्तार किया गया है।

# 650 किलो मिल्क केक नष्ट कराया, 5000 किलो खाद्य सामग्री सीज

## स्वास्थ्य विभाग ने खो-नागोरियान में पकड़ा मिलावटी मिल्क केक का अवैध कारखाना

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । खाद्य विभाग की टीम ने गुरूवार को जयपुर के खोह नागोरियान क्षेत्र में मिलावटी केक की अवैध फैक्ट्री पकड़ी। टीम ने 650 किलो मिल्क केक नष्ट कराया और 5000 किलो खाद्य सामग्री भी सीज की है। यह फैक्ट्री बिना किसी फूड लाइसेंस खो नागोरियान क्षेत्र की ढींगा वाली ढाणी में चल रही थी।

ज्ञात रहे कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर पूरे राजस्थान में अभियान जारी है।

- **बिना फूड लाइसेंस चल रहा था कारखाना, आधे जयपुर में होती थी सप्लाई**
- **कारखाना संचालक मनोज जैन आगरा रोड, नाई की थड़ी, दिल्ली रोड, जामडोली, रामगढ़ रोड के मिठाई विक्रेताओं को 250 रुपये किलो के भाव से यह मिलावटी केट बेचता था, दुकानदार इसे 400 रुपए किलो के भाव बेचते थे।**

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ. टी.शुभमंगला के निर्देश पर ज्वाइंट कमिश्नर खाद्य सुरक्षा डॉक्टर वी.पी.शर्मा एवं सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल के नेतृत्व में टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। सीएमएचओ डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि दीपावली के त्यौहार के मध्यनजर अलग-अलग टीमें बनाकर सघन अभियान के रूप में जयपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य सामग्री विशेषकर घी, तेल, मसाले, पनीर, मावा और मिठाइयों की निर्माण इकाइयों एवं विक्रेताओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

टीम ने गुरुवार दोपहर खो-नागोरियान में ढींगा वाली ढाणी स्थित मिल्क केक के एक कारखाने पर कार्यवाही करते हुए 600 किलो मिलावटी केक नष्ट करवाया। संचालक मनोज जैन, अवैध रूप से बिना फूड लाइसेंस के कारखाना चला रहा था। मौके पर सूजी, मिल्क पाउडर, रिफाइंड सोयाबीन तेल, लिक्विड ग्लूकोज और फिटकरी डालकर मिलावटी मिल्क केक बना रहा था। आरोपी मनोज जैन ने बताया कि आगरा रोड, नाई की थड़ी, दिल्ली रोड, जामडोली, रामगढ़ रोड के मिठाई विक्रेताओं को 250 रुपये किलो बेचता है। दुकानदार इसे 400 रुपए किलो बेचते है।

डॉ. मित्तल ने बताया कि मौके पर 2300 किलो चीनी, 1150 किलो सूजी, 90 किलो मिल्क पाउडर, 600 किलो लिक्विड ग्लूकोज, 21 टीन रिफाइंड सोयाबीन तेल 2 किलो फिटकरी जप्त की गई। दीपावली पर लगभग 10 हजार किलो मिलावटी मिल्क केक बनाकर बेचने की तैयारी थी। मौके पर मिल्क केक के नमूने लेकर पैकेटों में रखा 600 किलो मिलावटी मिल्क केक, लगभग 400 किलो पैकिंग के लिए रखा मिलावटी मिल्क केक, लगभग 100 किलो तैयार घोल, 100 किलो सूजी मिल्क पाउडर का मिश्रण नष्ट करवाया गया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों के निर्देशानुसार अवैध कारखाना बंद करवाया गया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी,विनोद थारवान एवं राजेश नागर शामिल रहे।





**खाद्य विभाग और जयपुर सीएमएचओ द्वितीय की टीम ने गुरूवार को खो-नागोरियान क्षेत्र में मिलावटी केक की अवैध फैक्ट्री पर छापेमारी करके 650 किलो मिल्क केक नष्ट कराया।**

# खाद्य सुरक्षा टीम ने पकड़ा 350 सिंथेटिक पनीर

## हरियाणा से खरीदकर जयपुर के रेस्टोरेंट्स, ढाबे और होटलों में सप्लाई किया जाना था मिलावटी पनीर



**जयपुर** । आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ. टी शुभमंगला के निर्देश पर सीएमएचओ द्वितीय की टीम ने गुरुवार अलसुबह 350 किलो सिंथेटिक पनीर जब्त कर नष्ट करवाया। खाद्य सुरक्षा टीम ने जगतपुरा रेलवे फाटक पर एक पिकअप को रुकवा कर तलाशी ली तो उसमें प्लास्टिक के बॉक्स में नकली पनीर भरा हुआ था। जिसके बाद टीम ने पनीर की जांच करवाई तो नकली निकला।

सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि मिलावटी पनीर सप्लाई किए जाने की सूचना पर बुधवार की अलसुबह जगतपुरा रेलवे क्रॉसिंग पर पिक अप मारुति ईको को रुकवाकर चेक किया। जिसमें प्लास्टिक के इस बॉक्स में लगभग 350 किलो पनीर धौलपुर निवासी अभिषेक हरियाणा के नूंह जिले में पनीर बनाने वालों से बेचने के लिए था। वो जयपुर शहर के ढाबों,रेस्टोरेंट एवं दूध पनीर की दुकानों पर रुपए 220 प्रति किलो बेचता है। प्रथम दृष्टया पाउडर और पॉम ऑयल से पनीर तैयार होना बताया। मौके पर टीम द्वारा पनीर के नमूने लेकर शेष पनीर को नष्ट करवाया गया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद थारवान एवं राजेश नागर शामिल रहे।

# नशे में धुत्त चालक ने एल.पी.जी. गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक दौड़ाया

## टोंक-कोटा हाईवे पर ट्रक को सड़क पर लहराते देखकर लोगों ने पीछा कर ट्रक रूकवाया, पुलिस ने जब्त किया

**जयपुर** (कासं)। चाकसू थाना इलाके में एक ट्रक चालक को नशे में लहराते हुए ट्रक चलाना भारी पड़ गया। ग्रामीणों ने ट्रक का पीछा कर चालक को रुकवाया और इस मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक के दस्तावेजों का सत्यापन करने के बाद ट्रक जब्त कर लिया और मामले की सूचना राजस्थान परिवहन विभाग के अधिकारी को सूचना दी। बताया जा रहा ट्रक चालक के लाईसेंस अवधि समाप्त हो चुकी है।

बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह साढ़े 7 बजे टोंक -कोटा हाईवे पर एक ट्रक चालक तेज रफ्तार में ट्रक को लहराते हुए चला रहा था। जिसमें करीब 303 एलपीजी सिलेंडर भरे हुए थे।

हादसे की आशका को देखते हुए ग्रामीणों ने ट्रक का पीछा उसे रोका और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पुलिस ने ट्रक चालक का लाईसेंस का सत्यापन किया तो उसकी अवधि भी समाप्त पाई गई। जिसके बाद पुलिस ने ट्रक चालक कजोड़मल (59) को हिरासत में लेकर ट्रक जब्त कर लिया।

राजस्थान परिवहन विभाग की इंस्पेक्टर मुक्ता सोनी ने बताया कि ट्रक चालक कजोड़मल को हिरासत में लेकर वो शिवदासपुरा थाने पहुंचे। लेकिन वहां ब्रेथ एनालाइजर की बैटरी खराब होने के कारण वहां जांच पूरी नहीं हो पाई।

जिसके पश्चात टीम चाकसू सीएचसी अस्पताल पहुंची, जहां से चिकित्सकों ने उन्हे एसएमएस अस्पताल जाने की सलाह दी। लेकिन चाकसू थाने में ट्रक चालक की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई तो उसमें शरीर में उसके शरीर में अल्कोहल की 1.1 मिलीलीटर मात्रा पाई गई। जिसके पश्चात आरटीओ इंस्पेक्टर मुक्ता सोनी ने चाकसू थाने में ट्रक ड्राइवर के खिलाफ शिकायत दी और कार्रवाई के लिए लिखा। आरोपी के लाइसेंस की अवधि खत्म हो चुकी है। उसने अभी तक अपना लाइसेंस रिन्यू नहीं कराया। इस कारण इसे आरटीओ के पास भेजा जाएगा। ड्राइवर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

- **लाइसेंस अवधि समाप्त होने के बाद भी चालक कर रहा था ड्राईविंग**
- **बताया जा रहा है कि ट्रक चालक करीब 303 एलपीजी गैस सिलेंडर लेकर जयपुर जा रहा था। तभी रास्ते में उसने शराब पी ली और नशे की हालत में हाईवे पर ट्रक को लहराते हुए चलाने लगा।**

बताया जा रहा है कि ट्रक चालक करीब 303 एलपीजी गैस सिलेंडर लेकर जयपुर जा रहा था। तभी रास्ते में उसने शराब पी ली और नशे की हालत में हाईवे पर ट्रक को लहराते हुए चलाने लगा। गनीमत ये रहीं है कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। लोगों ने पहले ही ट्रक को रोक कर मामले की सूचना पुलिस और आरटीओ अधिकारी को दे दी।

## रामदयाल बडोदिया बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

**जयपुर।** अखिल भारतीय बैरवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर रामदयाल बडोदिया (बैरवा) को विजयी घोषित किया गया है। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी श्रवण कुमार बैरवा को 2126 मतों से हराया। राष्ट्रीय महामंत्री पद पर रामनिवास जोनवाल विजयी हुए। जोनवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी ओमप्रकाश बैरवा को हराया। राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश वर्मा मूर्तिकारको कुल-4498 मत प्राप्त होने पर विजयी घोषित किया गया। उनके प्रतिद्वंदी लतीश कुमार बैरवा को 4232 मत मिले। राजस्थान प्रदेश महामंत्री पद पर अमरचंद बैरवा (लाका) को 4530 मत मिलने पर विजयी घोषित किया गया। उनके प्रतिद्वंदी नाथूलाल बैरवा रहे। ज्ञात रहे कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महामंत्री तथा प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश महामंत्री के चुनाव 5 अक्टूबर को हुए थे, जबकि 7 अक्टूबर को प्रात: 8 बजे मतगणना की गई।

## सार-समाचार

### समिति सदस्यों को उपहार बांटे




**जयपुर** । न्यायालय कर्मचारी बचत एवं साख सहकारी समिति लिमिटेड, जयपुर द्वारा दीपावली के अवसर पर समिति सदस्यों को आकर्षक उपहार एवं 10 प्रतिशत डिविडेंड राशि वितरित किया जा रहा है। उपहार वितरण का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजीत कुमार हिंगर ने किया। समिति अध्यक्ष अनिल पारीक ने बताया कि दीपावली पर उपहार वितरण समिति की परंपरा रही है। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष किशोर कुमार केवलरामानी, सचिव पवन कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष शुभा माथुर, संयुक्त सचिव सुमन देवाना, तथा कार्यकारिणी सदस्य पदम पंडित, कृष्ण गोपाल पूनिया, अश्विनी भूतिया, मोहित शर्मा और वीरेंद्र सोलंकी, बद्री लाल चौधरी उपस्थित रहे।

### जयपुर स्थापना दिवस 18 अक्टूबर से



**जयपुर** । सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष दुर्गेश नन्दनी की अध्यक्षता में गुरूवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के पन्नाधाय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति सदस्य सुशीला बारी, दीपिका सैनी, कुमकुम शक्तावत, सीमा गुप्ता, गोविन्द छीपा, टीना बडाया सहित सचिव श्याम लाल जांगिड सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष दुर्गेश नन्दनी ने बताया कि जयपुर स्थापना दिवस पारम्परिक तरीकों से मनाया जायेगा। 18 अक्टूबर से 18 नवंबर तक जयपुर स्थापना दिवस आयोजित किया जायेगा। अल्बर्ट हॉल, पत्रिका गेट, स्टेच्यू सर्किल एवं अन्य धरोहरों को लाइटों से सजाया जायेगा। उन्होंने बताया कि हर वार्ड के 2 मन्दिरों को लाईटों से सजाया जायेगा और नगाडे, शहनाईयों बजवाये जायेगे।

### 18वीं वार्षिक नेटको कॉन्फ्रेंस आज से

**जयपुर।** नेटवर्क एंड अलायंस ऑफ ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर्स (नेटको) और मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटिज़न फोरम के संयुक्त तत्वावधान में 18वीं वार्षिक नेटको कॉन्फ्रेंस 10 और 11 अक्टूबर को आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी जयपुर में होगी। कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर करेंगे। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में देशभर से ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर्स और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ भाग लेंगे। कॉन्फ्रेंस के दौरान अंगदान को बढ़ावा देने पर गहन चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही, अंगदान से जुड़े सफल अनुभवों और प्रेरणादायक कहानियों को साझा किया जाएगा। यह जानकारी एमएफजेसीएफ के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने अशोक क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। इस अवसर पर एमएफजेसीएफ की संयोजक, भावना जगवानी; मोहन फाउंडेशन की कंट्री डायरेक्टर, ललिता रघुराम; नेटको की अध्यक्ष पल्लवी सहित एक अंगदाता के परिजन, कल्याण शर्मा भी उपस्थित रहे।

### एक्सपर्ट्स ने की मेंटल हैल्थ पर चर्चा

**जयपुर** । वर्तमान समय में सोशल मीडिया और पारंपरिक मीडिया दोनों मिलकर मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मिथकों को तोड़ सकते हैं। केंद्र सरकार की टेली मानस पहल के माध्यम से स्कूल के बच्चों और कामकाजी वर्ग के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह बात प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने राजस्थान विधानसभा के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में कही। उन्होंने मीडिया वर्कशॉप को संबोधित करते हुए बताया कि केंद्र सरकार आमजन के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। यूनिसेफ राजस्थान और फ्यूचर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई इस कार्यशाला में वॉइसेज ऑफ रेजिलिएंस:द रोल ऑफ मीडिया इन प्रमोटिंग मेंटल हेल्थ विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर यूनिसेफ राजस्थान के चीफ इंचार्ज रूषभ हेमानी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य वेलनेस वीक के अवसर पर हम केवल पेशेवरों के रूप में नहीं, बल्कि एक साझा मिशन के साझेदारों के रूप में काम करने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम आत्महत्या की रोकथाम चाहते हैं, तो हमें एक साथ काम करना होगा। वहीं, वरिष्ठ पत्रकार मुकेश माथुर ने पाठकों के दृष्टिकोण से सकारात्मक और नकारात्मक समाचारों के बीच संतुलन बनाए रखने में मीडिया की जिम्मेदारी पर जोर दिया। इस दौरान आईआरएस हरिनारायण मीणा, एम्स जोधपुर की डॉ.नीति रुस्तगी, यूनिसेफ के चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट संजय निराला, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ.सुनील शर्मा, कवि व स्तंभकार राजेश कुमार व्यास, वरिष्ठ पत्रकार योगेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. मीना शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा और यूनिसेफ के हेल्थ ऑफिसर डॉ. अनुराग ने भी अपने विचार रखे। समापन सत्र में यूनिसेफ के कम्यूनिकेशन स्पेशलिस्ट अंकुश सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 'अंग प्रत्यारोपण का विश्व स्तर का केन्द्र बना जयपुर'

**जयपुर** । अंग प्रत्यारोपण के क्षेत्र में जयपुर वैश्विक नेतृत्व की ओर कदम बढ़ा रहा है। शहर में इंडियन ऑर्गन ट्रांसप्लांट सोसाइटी का 35वां वार्षिक सम्मेलन, 9 से 12 अक्टूबर तक नोवोटेल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा। इसमें 20 से अधिक देशों के 150 विशेषज्ञ शामिल होकर नवाचार, शोध और वैश्विक सहयोग पर चर्चा करेंगे। राज्य की कीर्तिमानों को देखते हुए विदेशी वक्ताओं ने माना कि जयपुर अब अंग प्रत्यारोपण के मामले में विश्व स्तर का केंद्र बन गया है।

- **इंडियन ऑर्गन ट्रांसप्लांट सोसाइटी का 35वां वार्षिक सम्मेलन जयपुर में शुरू**

सम्मेलन का उद्घाटन 11 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होगा। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले तथा विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेज डॉ. सुनीता शर्मा भी शामिल होंगे। आयोजन की जिम्मेदारी महात्मा गांधी मेडिकल यूनिवर्सिटी के संस्थापक तथा 35वी कांफ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ एम.एल.स्वर्णकार, आयोजन सचिव डॉ. सूरज गोदारा, सोसाइटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पिता रायचौधरी, महासचिव डॉ. मनीष बालवानी के नेतृत्व में की जा रही है।



डॉ. सूरज गोदारा

डॉ. सूरज गोदारा के अनुसार, सम्मेलन में पहली बार बड़ी संख्या में विश्व विख्यात विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं इनमें प्रो. रॉबर्ट मॉन्टगोमेरी, प्रो. जॉन फंग, प्रो फादी इस्सा, प्रोफ. काजुनारी तनाबे (जापान) और प्रो. मोहम्मद रेला (भारत/)। भारतीय विशेषज्ञों की टीम में डॉ. विवेक कूटे, डॉ. नारायण प्रसाद, डॉ. संजय कोलटे और अन्य प्रमुख डॉक्टर शामिल हैं, जो एबो-इनकंपिटिबल प्रत्यारोपण, रोबोटिक सर्जरी और पैर्ड किडनी एक्सचेंज पर अपने अनुभव साझा करेंगे। सम्मेलन में आधारित ट्रांसप्लांटेशन, रोबोटिक सर्जरी, एक्सेनोट्रांसप्लांटेशन और रीजेनरेटिव मेडिसिन पर चर्चा होगी। पहले दिन महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी में एक कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिसमें सुरक्षित अंग प्रत्यारोपण और प्रक्रिया नियमों पर प्रेजेंटेशन हुए।

## कॉलगर्ल देने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। झोटवाडा और चौमूं थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कॉलगर्ल दिलवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि दोनो आरोपी फर्जी इंस्टाग्राम पर कॉलगर्ल उपलब्ध करवाने का झांसा देकर लोगों को फंसाते थे। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि झोटवाड़ा थाना क्षेत्र में दो आरोपित एस्कॉर्ट सर्विस के नाम से लोगों को फंसा कर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तार आरोपी फर्जी इंस्टाग्राम,फर्जी फेसबुक आईडी और वॉट्सऐप पर लड़कियों की गूगल से फोटो डाउनलोड करते और उन्हे ग्राहकों को भेजकर फंसाते थे।

पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी मुकेश कुमार कांटवा (30) निवासी गांव हिरनोदा कांटवा की ढाणी पुलिस थाना फुलेरा जयपुर ग्रामीण हाल खिरणी फाटक झोटवाड़ा जयपुर और अंकित सियाक (28) सोशल मीडिया पर अपना मोबाइल नंबर देते थे। जिसके बाद वॉट्सऐप पर ग्राहकों से सम्पर्क करके रजिस्ट्रेशन और अन्य चार्ज की लिस्ट भेजते थे। रजिस्ट्रेशन की फीस मिलने के बाद होटल का चार्ज और वीआईपी कॉल गर्ल के नाम पर और पैसों की डिमांड करते। पैसे लेने के बाद शातिर बदमाश ग्राहक का नंबर ब्लॉक कर देते थे।

# प्रवासी राजस्थानियों से मुख्यमंत्री ने की निवेश व सहयोग पर चर्चा

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाराष्ट्र से जयपुर आए प्रवासी राजस्थानियों को प्रदेश में निवेश के लिए प्रेरित किया



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर महाराष्ट्र से आए प्रवासी राजस्थानियों के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की।**

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर महाराष्ट्र से आए प्रवासी राजस्थानियों के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की।

इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व 'राजस्थान प्रकोष्ठ' के अध्यक्ष संजय मंत्री ने किया। भेंट के दौरान राजस्थान और महाराष्ट्र के बीच सामाजिक एवं आर्थिक सहयोग को मजबूत करने सहित कई विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में निवेश की असीम संभावनाएं हैं। राज्य में प्रचुर मात्रा में सौर ऊर्जा, समृद्ध खनिज भंडार, बिजली-पानी की उपलब्धता और निवेश के लिए अनुकूल नीतियां हैं। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से अपील की कि वे इस सकारात्मक वातावरण का लाभ उठाते हुए राज्य में निवेश करें। शर्मा ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उद्यम स्थापित करने में हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आगामी 10 दिसंबर को प्रस्तावित 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रवासी बंधुओं को अपनी जड़ों से जोड़ने और राज्य के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का माध्यम बनेगा। इस अवसर पर नंदकिशोर मालपानी मौजूद थे।

# 80 करोड़ की सरकारी जमीन से हटाया अवैध कब्जा



**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने आगरा रोड और खोह नागोरियान क्षेत्र में जेडीए स्वामित्व की 45 बीघा जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाया। इस जमीन की कीमत करीब 80 करोड़ रु. से ज्यादा है।

उपहानिरीक्षक पुलिस राहुल कोटोकी ने बताया कि, जोन-10 में आगरा रोड स्थित ग्राम गोविंदपुरा रोपाडा में आसाराम बापू आश्रम के पीछे जेडीए स्वामित्व की करीब 40 बीघा जमीन है। इस सरकारी भूमि के खसरा नं. 306, 364, 426, 427, 439 से 443 पर स्थानीय काश्तकारों ने बाउंड्रीवाल, मिट्टी का डोल, सीमेंट के पिल्लर, टीनशेडनुमा कोठरियां बनाकर और तारबंदी करके अवैध कब्जा जमा रखा था। गुरूवार को जोन-10 के राजस्व-तकनीकी स्टॉफ, तहसीलदार, पटवारी की निशानदेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से यह अवैध कब्जा हटाकर बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया। इसी प्रकार आगरा रोड पर ग्राम सिंदोली, सांभरिया रोड पर खसरा नं. 334 हिंगोनिया गौशाला की करीब 5 बीघा सरकारी भूमि पर स्थानीय काश्तकारों ने अवैध कब्जा कर रखा था, इसे भी जेडीए टीम ने गुरूवार को हटाया। यह तमाम कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में की गई। राहुल कोटोकी ने बताया कि, जेडीए प्रशासन ने वर्ष 2024 में 817 बीघा सरकारी जमीन तथा वर्ष 2025 में 578 बीघा सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाया है।

- **45 बीघा सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया : कोटोकी**

## ड्रेनेज और सड़कों पर 97 करोड़ रुपए खर्च करने की मंजूरी

**जयपुर** । जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में गुरूवार को कार्यकारी समिति की बैठक हुई। बैठक में जोन-13 के विद्याधर नगर क्षेत्र में ड्रेनेज नेवटर्क बिछाने के विकास कार्य हेतु 17.05 करोड रूपये की निविदा का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा जोन-14 में निजी खातेदारी की योजनाओं में फेज-I के तहत सड़कों के निर्माण कार्य हेतु 14.24 करोड़ रूपये की निविदा मंजूर की गई। बैठक में जोन-11 में 250 फीट सेक्टर रोड के निर्माण कार्य के लिए 51.21 करोड रूपये तथा अजमेर रोड पर (डेनेज बॉक्स) निर्माण कार्य के लिए 15.13 करोड रूपये की निविदा मंजूर की गई।



## Celebrating Style and Function

